SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
NOTES- Grammar (TERM-1)

Grade - 3

Subject: हिंदी

Prepared by: Renu Sharma

व्याकरण – अनौपचारिक पत्र लेखन

अनौपचारिक पत्र

१) जन्मदिन का निमंत्रण पत्र देते हुए मित्र को पत्र |

एफ-27/2 मोशी , पुणे

07.03. 2025

प्रिय मित्र राम

नमस्ते,

मैं कुशल से हूँ। आशा है कि तुम भी ठीक होगे। 12.03.2025 को शाम 6 बजे मेरे जन्मदिन के अवसर पर मेरे मम्मी-पापा ने गीत-संगीत, खेल-कूद व खान-पान का प्रबंध किया है। इस दिन तुम्हें जरूर आना है। हम सब मिलकर खूब मस्ती करेंगे।

अंकल-आंटी को मेरा प्रणाम कहना।

तुम्हारा मित्र

राम

2) कक्षा में प्रथम आने पर अपने चाचा जी को पत्र |

95 , जलवायु विहार

05.03. 2025

आदरणीय चाचा जी

प्रणाम ,

मैं कुशल से हूँ। आशा है आप और चाची जी भी कुशलपूर्वक होंगे। आपको यह बताने में बहुत खुशी हो रही है कि मैं इस बार भी अपनी कक्षा में प्रथम आया हूँ। मेरे 96 प्रतिशत अंक आए हैं। प्रधानाचार्या जी कह रही थीं कि इतने प्रतिशत अंक प्राप्त करके मैंने मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह सब आपके आशीर्वाद का फल है, जो मुझे मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है। मैं गरमी की छुट्टियों में घर आऊँगा। फिर आप से ढेर सारी बातें करूँगा।

आपका भतीजा

संजय